राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 मई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र एवं निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार दिनांक 01 व 02 जून, 2022 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व नेता प्रतिपक्षगण, राज्य से एआईसीसी के पदाधिकारीगण, पूर्व केन्द्रीय मंत्रीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, विभाग व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के प्रदेशाध्यक्षगण व जिलाध्यक्षगण, राज्यसभा सांसदगण, लोकसभा प्रत्याशीगण, जिला प्रमुखगण तथा सभी बोर्ड एवं निगमों के चेयरमेन प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यशाला में तकरीबन 650 प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यशाला का मुख्य एजेण्डा उदयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नव संकल्प शिविर में जारी नव संकल्प घोषणा के निर्णयों को जिला एवं अन्य निचले स्तर पर यथाशीघ्र क्रियान्वयन करना तथा इस हेतु मंथन कर समयबद्ध एवं चरणबद्ध कार्यक्रम बनाना रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में दिनांक 09 अगस्त, 2022 को सभी जिलों में आयोजित होने वाली 75 किलोमीटर की पदयात्रा के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी। साथ ही 15 अगस्त, 2022 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर मंथन किया जायेगा। कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा के आयोजन हेतु जिम्मेदारियां प्रदान करने हेतु विमर्श किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यशाला में संगठन के पद जो चुनावी

2..........

Created by Universal Document Converter

प्रक्रिया के अतिरिक्त भरे जाने हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्रकोष्ठ, विभाग एवं अग्रिम संगठनों के पद शामिल है पर 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं से भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर 90 से 180 दिवस में इन पदों को भरने हेतु रोडमेप तैयार किया जायेगा। कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश में मण्डल कमेटियों के गठन, मण्डल कमेटियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाबत् भी सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की जायेगी। उदयपुर नव संकल्प शिविर में आर्थिक, युवा सशक्तीकरण, किसान आदि विषयों पर पारित निर्णयों की क्रियान्विति करने हेतु विशेष रूप से मंथन किया जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा कल दिनांक 25 मई, 2022 को प्रातः 10:30 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा साबरमती से राजघाट तक निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा के राजस्थान के बॉर्डर शाहजहांपुर पहुँचने पर राजस्थान प्रदेश से प्रस्थान एवं हरियाणा प्रदेश में आगमन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 मई । राजस्थान सरकार के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री श्री लालचंद कटारिया तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री लालचंद कटारिया तथा श्रीमती जाहिदा खान ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्रियों के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री जसवंत गुर्जर एवं श्री देशराज मीणा मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 25 मई, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जल संसाधन इंदिरा गाँधी नहर परियोजना एवं जल संसाधन (आयोजना) मंत्री श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री जी. आर. खटाणा, सचिव श्री महेन्द्रसिंह खेड़ी एवं श्री श्रवण पटेल इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष स्व. श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मंत्री श्री लालचंद कटारिया, राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वा, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री देशराज मीणा, श्री राजेन्द्र मूण्ड, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री मनीष धारणिया, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री गोपाल नावरिया, श्री नरेश चौधरी, श्री शरीफ खान, श्री जयकिशन, श्री सुनील आमेरिया, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री श्रवण चौबे, श्री लादूराम बैरवा सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter